बोचासणवासी श्री अक्षरपुरुषोत्तम स्वामिनारायण संस्था

# सत्संग शिक्षण परीक्षा ( पूर्व कसौटी - १६ जून, २०१३ )

BAPS

(समय : सुबह ९:०० से १२:००) **सत्संग प्रारंभ**

सूचना : प्रश्न के बाद में दिए गए अंक उसी प्रश्न के उत्तर के पृष्ठ क्रम बताते हैं । कुल गुण : १००

**विभाग - १ : घनश्याम चरित्र - चतुर्थ संस्करण, नवम्बर - २०११**

**प्र.१ निम्नलिखित कथन कौन, किसको और कब कहता है, यह लिखिए ।** [ ९ ]

१. ''तुम्हें माँ ने यहाँ भेजते समय क्या कहा था ?'' (३१) २. ''तो मेरी मृत्यु निश्चित थी ।'' (५७)

३ ''एक भी ब्राह्मण को नीचे मत उतरने देना ।'' (३६)

**प्र.२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** [ ४ ]

१. अपने बालमित्रों के घर में घुसकर घनश्याम और बालमित्रों क्या खा लेते थे ? (६३)

२. काशी में घनश्याम ने कौन-से मत में रुचि बता दी ? (८९)

३. चारों ओर पानी ही पानी हो जाने पर किस किस को चिन्ता होने लगी ? (७९)

४. नारायण सरोवर की किस दिशा में किस का विशाल वन आया हुआ है ? (२५)

**प्र.३ निम्नलिखित गलत वाक्य को उसके विषय के अनुलक्ष्य में सही लिखिए ।** [ ४ ]

**सूचना :- संपूर्ण वाक्य सही लिखा होगा तो ही गुण प्राप्त होंगे । अन्यथा एक भी गुण प्राप्त नहीं होगा ।**

**उदाहरण : बन्दरों की पिटाई :-** छपिया में घनश्याम कमरे में भोजन कर रहे थे, तब एक बन्दर रोटियाँ झपट कर पेड़ पर जा बैठा ।

**उत्तर : बन्दरों की पिटाई :-** **अयोध्या** में घनश्याम **बरामदे** में भोजन कर रहे थे, तब एक बन्दर **पूड़ी** झपट कर पेड़ पर जा बैठा ।

१. **भक्तिमाता और धर्मपिता का देहोत्सर्ग :** भक्तिमाता इच्छाराम को कहने लगे, ''घनश्याम तो भगवान हैं, वह संसार से हमेशा उदासीन रहता है, इसलिए उसको लाड़-प्यार से रखना ।'' (९०)

२. **ठंडे जल से चेचक की बीमारी गई :** घनश्याम ने कहा, ''हम तो ब्राह्मण हैं, हमें तो हर रोज़ प्रात:पूजा करनी चाहिए ।'' (२७)

३. **रामचंद्र के रूप में दर्शन :** मंछा नामक मछुआरे ने नारायण सरोवर में घनश्याम को खोज़ने के लिए पानी में छलांग लगाई । (७१)

४. **भाभी का विलाप :** धर्मदेव दु:खी होकर अपने आपको पूछने लगे कि वह कहाँ गया होगा ? छपिया के जिन आश्रम में इच्छाराम का हमेशा डेरा लगा रहता, वहाँ जाकर तलाश करना आरंभ किया । (९६)

**प्र.४ निम्नलिखित प्रसंगों में से किसी एक प्रसंग के केवल पाँच मुख्य विधान लिखिए । ( विवरण आवश्यक नहीं है ।)** [ ५ ]

१. खिचड़ी के बदले खीर । (२२-२३) २. सोलह चिह्न । (५०-५३) ३. हनुमानजी की सेवा । (११-१२)

**प्र.५ निम्नलिखित विकल्पों में से केवल सही विकल्प के आगे दिए गए खाने में सही ( ✓ ) का निशान करें ।** [ ८ ]

**सूचना : एक या एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं । सभी सही विकल्प के आगे ही सही का निशान किया होगा तभी पूर्ण गुण दिए जायेंगे, अन्यथा एक भी गुण नहि दिया जाएगा ।**

१. बन्दर को समाधि । (३२)

(१) ☐ अयोध्या में आसुरीवृत्ति से त्रस्त होकर धर्मदेवजी छपिया गए । (२) ☐ बरहट्टा मुहल्ले में रहने लगे ।

(३) ☐ बन्दर ने थाल में से आम उठाया । (४) ☐ तीन दिनों तक बन्दर समाधि में रहा ।

२. बालप्रभु का पराक्रम । (११)

(१) ☐ कालिदत्त ने बालप्रभु को मार डालने के लिए कृत्याओं को आदेश दिया ।

(२) ☐ कृत्याएँ बालप्रभु को झपटकर आम के उपवन की ओर दौड़ पड़ी ।

(३) ☐ हनुमानजी ने सुवासिनी भाभी को बालप्रभु गोद में दिए ।

(४) ☐ कौशिक ने कोटरा को बालप्रभु को मार डालने के लिए भेजा ।

३. लोभी हलवाई को चमत्कार । (४५-४६)

(१) ☐ घनश्याम ने भक्तिमाता को कहा, ''जोरों की भूख लगी है । जल्दी से खाना दो ।''

(२) ☐ घनश्याम ने पेड़ें खाने की ठान ली ।

(३) ☐ रामप्रतापभाई ने घनश्याम के गाल पर थप्पड़ जड़ दिया ।

(४) ☐ घनश्याम सारी मिठाइयाँ खा गये ।

४. नई बतीसी । (५७-५८)

(१) ☐ घनश्याम ने सुवासिनी भाभी से कहा, ''मेरी डाढ़ में बहुत पीड़ा हो रही है ।''

(२) ☐ सुवासिनी भाभी ने घनश्याम को हलुवा परोसा ।

(३) ☐ भाभी ने मुट्ठी खुलवाई तो उसमें दाँतों के बजाए मोती थे ।

(४) ☐ मान सरोवर के राजहँस घनश्याम के हाथ से मोती चुगकर उड़ गए ।

**प्र.६ निम्नलिखित कथनों के बारे में कारण लिखिए । ( दो से तीन पंक्ति में )** [ ६ ]

१. घनश्याम की खोज़ करने के लिए गए रामप्रतापजी को कुछ भी समझ में न आया कि वह कैसा चमत्कार है । (३९)

२. लक्ष्मीजी अति प्रसन्न हुईं । (२०) ३. घनश्याम ने इमली की शाखा तक अपना हाथ फैलाया । (३४)

**विभाग - २ : योगीजी महाराज - द्वितीय संस्करण, फरवरी - २००५**

**प्र.७ निम्नलिखित कथन कौन, किसको और कब कहता है, यह लिखिए ।** [ ९ ]

१. ''शास्त्रीजी महाराज को दूध दिया ?'' (३५) २. ''हमारे प्रधानाध्यापक ने बेगुनाह चन्दू को बहुत मारा है ।'' (४)

३. ''दो बातें याद रखना ।'' (१३)

**( पृष्ठ पलटिये )**

---

सत्संग शिक्षण परीक्षा कार्यालय - अहमदाबाद द्वारा किये गये पूर्व कसौटी के आयोजन में मैंने स्वयं कक्ष में (बैठक कक्ष में) उपस्थित रहकर ''**सत्संग प्रारंभ**'' परीक्षा दी है । निम्नलिखित बातें सही हैं, जो आपको विदित हो ।

परीक्षार्थी का जन्म दिन :- दिनांक ☐☐ महीना ☐☐ साल ☐☐☐☐

परीक्षा दिनांक और परीक्षा का समय :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

**सूचना : सिर्फ़ उपस्थित परीक्षार्थी भूले बिना इस उपस्थिति स्लीप को काटकर, सभी विगत भरकर केन्द्र व्यवस्थापक को वापस कर दें । सिर्फ़ कक्ष में ( बैठक कक्ष में ) उपस्थित परीक्षार्थी की उपस्थिति स्लीप इकट्ठा करके सत्संग शिक्षण परीक्षा कार्यालय - अहमदाबाद को जमा करा दे । ( अपूर्ण विवरणवाली उपस्थिति स्लीपें मान्य नहि होंगी ।)**

**प्र.८ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **[ ४ ]**

१. गाय-भैंसें चरती हो तब झीणा भगत क्या करते ? (११) २. कुछ ठोट विद्यार्थी झीणाभाई को क्या कहते थे ? (४-५)
३. योगीजी महाराज के पास किस की मूर्ति थी ? (३०)
४. तीसरी बार की विदेशयात्रा में योगीजी महाराज ने हरिभक्तों को कितने महीने सुख-सन्तोष दिया ? (४६-४७)

**प्र.९ निम्नलिखित विषय और सूचनानुसार छः सही क्रमांक और उस सही क्रमांक को घटनाक्रम के अनुसार लिखिए ।** **[ ६ ]**
**विषय : अक्षर मन्दिर के महन्त । ( ३३ )**

**१.** अक्षर मंदिर की प्रतिष्ठा : वैशाख शुक्ला दशमी । **२.** हकाबापू योगीजी महाराज की सहायता करते थे । **३.** योगीजी महाराज सुबह साढ़े तीन बजे उठकर अक्षरदेरी की सफाई करते । **४.** अक्षर मंदिर की प्रतिष्ठा : वैशाख कृष्णा दशमी । **५.** योगीजी महाराज चुपचाप अकेले ही रसोई बना रहे थे । **६.** योगीजी महाराज को गोंडल मंदिर के महंत के रूप में घोषित किया । **७.** उसमें विशेष साधु सम्मिलित हों और सत्संग बढ़े इस दृष्टि से धून का कार्यक्रम भी रखते थे । **८.** कोठारी साधु बीमार थे, इस लिए योगीजी महाराज रसोई बनाते थे । **९.** योगीजी महाराज ने कोठारी साधु को उलहना दिया । **१०.** श्रीजीमहाराज की कृपा से आज इस सेवा का लाभ मुझे मिला है । **११.** हिसाब का काम हकाबापू से करवाते थे । **१२.** योगीजी महाराज रसोईघर में बैठे बैठे रसोइया को कथा-वार्ता करते थे ।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **( १ ) केवल सही क्रमांक** | | | | | | |
| **( २ ) यथार्थ घटनाक्रम** | | | | | | |

**सूचना : ( १ ) केवल सही क्रमांक के सभी छः उत्तर क्रमांक सही होंगे तो ही ३ गुण प्राप्त होंगे ।( २ ) यथार्थ घटनाक्रम भी सही होगा तो ही ३ गुण प्राप्त होंगे । अन्यथा एक भी गुण प्राप्त नहीं होगा ।**

**प्र.१०** 'मान-अपमान में समता' (२२-२३) - **प्रसंग के बारे में १५ पंक्ति में टिप्पणी लिखिए । ( वर्णनात्मक )** **[ ५ ]**

**प्र.११ निम्नलिखित कथनों के बारे में कारण लिखिए । ( दो से तीन पंक्ति में )** **[ ६ ]**

१. योगीजी महाराज ने जूनागढ छोड़ दिया । (१९) २. सत्संग सभा में कभी भी अनुपस्थित नहीं रहना चाहिए । (३७)
३. सद्गुरु कृष्णचरणदास ने झीणाभाई के मन की बात कही । (१०)

## विभाग - ३ : किशोर सत्संग प्रारंभ - द्वितीय संस्करण, जनवरी - २०११

**प्र.१२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक ( संपूर्ण ) वाक्य में उत्तर लिखिए ।** **[ ४ ]**

१. अजामिल को लेने आये हुए यमदूत क्यों भाग निकले ? (८) २. विश्व की सभी चीज़ों के असली मालिक कोन है ? (३२)
३. वजीबाई कैसी भक्त थी ? (६८) ४. कोन सी दिशा में मुँह रखकर पूजा करनी चाहिए ? (१७)

**प्र.१३ निम्नलिखित विकल्पों में से केवल सही विकल्प के आगे दिए गए खाने में सही ( ✓ ) का निशान करें ।** **[ ८ ]**
**सूचना : एक या एक से अधिक विकल्प सही हो सकते हैं । सभी सही विकल्प के आगे ही सही का निशान किया होगा तभी पूर्ण गुण दिए जायेंगे, अन्यथा एक भी गुण नहि दिया जाएगा ।**

१. धुन (८)
(१) ☐ रामायण की रचना करनेवाले : वाल्मीकि ऋषि (२) ☐ अजामिल के लड़के का नाम नारायण ।
(३) ☐ जोबनपगी का परिवर्तन करनेवाले श्रीजीमहाराज थे ।
(४) ☐ भगवान तथा गुरु का स्मरण करके भजन करना इसी को नामधुन कहेते हैं ।

२. गंगा माँ । (२०)
(१) ☐ अहमदाबाद के पास जेतपुर गाँव के थे । (२) ☐ रामानंद स्वामी के शिष्य ।
(३) ☐ श्रीजीमहाराज को भतीजा अथवा बेटा कहकर पुकारती थी । (४) ☐ सिर पर जलती हुई अँगीठी पर कढ़ी-खिचड़ी पकाते थे ।

३. पूजा डोडिया । (५९-६०)
(१) ☐ पाणवी गाँव के राजपूत हरिभक्त । (२) ☐ बदरीनाथ जाकर देहत्याग करने का प्रयत्न किया ।
(३) ☐ श्रीजीमहाराज के स्वधामगमन के द्वादशी के दिन धाम में गए ।
(४) ☐ कृपानंद स्वामी और गुणातीतानंद स्वामी के द्वारा सत्संग ।

४. बालमंडल की सभा में बर्ताव । (६५-६७-६८)
(१) ☐ शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम अनाज लेते हैं । (२) ☐ बालसभा में जाने से बुरी आदतें छूट जाएँगी ।
(३) ☐ भगवान का प्रसाद पवित्र है । (४) ☐ सबको 'जय स्वामिनारायण' कहे, तत्पश्चात् घर लौटे ।

**प्र.१४ निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए ।** **[ ४ ]**

१. ............ को दातुन देनेवाली बीवी ............ गाँव की थी । (३७)
२. गुणातीतानन्द स्वामीने संवत् ............ में ............ गाँव में जीवनलीला समाप्त की । (४४)
३. वाल्मिकी ............ के जप से सुधर गये । (८) ४. ............ में मन्दिर बनाकर ............ ने अपनी मूर्ति वहाँ प्रतिष्ठित की । (१५)

**प्र.१५ निम्नलिखित कीर्तन / अष्टक / श्लोक की अपूर्ण पंक्तियों की पूर्ति कीजिए ।** **[ ८ ]**

१. हम तो हैं स्वामी के ....... मौत की परवाह (शौर्यगीत) २. सद्बुद्धि ....... दीजिए टारी । (१२)
३. आगच्छ भगवन् ....... मुखो भव ॥ (१७) ४. नारायण सुखदाता ....... गया काशी (२६)

**प्र.१६** 'करोड़ काम बिगाड़कर..' (४७) - **'स्वामी की बात' पूर्ण कीजिए और इसके बारे में निरूपण कीजिए । ( प्रंदह पंक्तियाँ )** **[ ५ ]**

**प्र.१७** 'नाथ भक्त' (६३-६५) - **प्रसंग के केवल पाँच मुख्य विधान लिखिए । ( लगातार विवरण आवश्यक नहीं है । )** **[ ५ ]**

---

**सूचना : इस प्रश्नपत्र में से कम या ज्यादा मात्रा में प्रश्न दिनांक ७ जुलाई, २०१३ के दिन होनेवाली मुख्य परीक्षा में पूछे जाएँगे । अभ्यास क्रम में सामिल पुस्तक की अंतिम संस्करण का ही उपयोग करें । मुख्य परीक्षा में उत्तरवही के अलावा अतिरिक्त पन्नों में लिखे हुए उत्तर मान्य नहि होंगे ।**

☞ **अगत्य की सूचना : सभी परीक्षार्थी अपनी संस्था की निम्नलिखित website - link पर से पुराने सालों के प्रश्नपत्र और उसके उकेलपत्र निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं और उसकी प्रिन्ट भी निकाल सकते हैं ।**
**http://www.swaminarayan.org/satsangexams/pastpapers/index.htm**